अमर उजाला

सिकंदराराऊ में नकली पनीर बनाने का भंडाफोड़

न्यूज डेस्क, अमर उजाला ब्यूरो,सिकंदराराऊ (हाथरस)। Updated Wed, 02 May 2018 11:40 PM IST

सिकंदरारारु में नकली पनीर बनाने के जखीरे को देखतीं एसडीएम ज्योत्सना बंधु। - फोटो : Amar Ujala

नगर के हाथरस मार्ग पर बंबे के किनारे पुरानी दूध डेयरी भवन पर बुधवार की दोपहर में एसडीएम सिकंदराराऊ ज्योत्सना बंधु और खाद्य सुरक्षा अधिकारी हरेंद्र सिंह ने पूरी टीम के साथ छापा मारा। टीम को यहां से लगभग चार क्विंटल पनीर, पनीर बनाने की सामग्री, स्किम्ड मिल्क, पामोलीन ऑयल, क्रीम और सफेद केमिकल, चूना आदि सामग्री मिली है।

काफी मात्रा में शुद्घ दूध भी मिला है। मौके पर मिली सभी सामग्री को सैंपल के लिए तैयार किया गया। इस सामग्री को फैक्ट्री परिसर के एक कमरे में रखकर कमरे को सील कर दिया गया। कई घंटे तक चली कार्रवाई के दौरान अफरा-तफरी मची रही। छापे के दौरान वहां मौजूद स्टाफ भागने में सफल रहा।

बता दें कि खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम को गोपनीय रूप से सूचना मिली कि हाथरस रोड पर गांव नगला विजन के समीप बंबे की पटरी पर पुराछनी डेयरी भवन में कई दिनों से एक फैक्ट्री खुली है, जिसमें बड़े पैमाने पर पनीर का उत्पादन किया जा रहा है। एफडीए टीम ने एसडीएम सिकंदराराऊ से संपर्क कर बुधवार की दोपहर में फैक्ट्री पर छापा मारा। टीम के पहुंचते ही फैक्ट्री में भगदड़ मच गई। कर्मचारी दीवार पार कर इधर-उधर खेतों में होकर भाग गए।

मौके पर पनीर बनाने का साज-ओ-सामान देखकर सभी हक्के-बक्के रह गए। एसडीएम ने बताया कि मौके पर तीन ड्रमों में लगभग चार क्विंटल पनीर सफेद मलमल के कपड़े में लिपटकर तैयार था। इसके अतिरिक्त आधा दर्जन से ज्यादा ड्रमों में पनीर बनाने का सफेद मैटेरियल मिला। पाम ऑयल दर्जनों टिन में रखा मिला। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में बोरे स्किम्ड मिल्क के मिले। कई ड्रमों में बदबूदार सफेद रंग की क्रीम भरी हुई थी।

एक डिब्बे में सफेद चूने का घोल मिला। मौके पर दो दूधिये मिले, जोकि टंकियों में दूध लेकर सप्लाई करने आए थे। दूधिया जयप्रकाश निवासी नगला विजन ने बताया कि लगभग छह दिन पहले ही यह फैक्ट्री चालू हुई है और इसका मालिक विजयगढ़ अलीगढ़ का निवासी है। जोकि छापे के दौरान फैक्ट्री में नहीं थे।

बरामद सभी सामग्री के सैंपल लेकर सभी को जांच के लिए सरकारी लैब भेजा जाएगा। वहां से जांच रिपोर्ट आने के बाद कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। फैक्ट्री में बरामद सभी सामग्री को वहीं के एक कमरे में रख कमरे को सील कर दिया गया है।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/hathras/crime/busted-for-making-fake-paneer-in-sikandarau